दैनिक जागरण
13-12-2025

विद्यार्थियों को समझाया मानवाधिकार का महत्व



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता एडवोकेट अमिता वर्मा ने मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों, हकों और उपलब्ध उपचारों पर गहन जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह न केवल अपने अधिकारों को समझे बल्कि समाज में न्याय, समानता और गरिमा को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर डा. भारती विज, डा. सरोज बाला, जस्मिता हैंडा, रीतिका आदि मौजूद रहीं।